
पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन को मिला सम्मान

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 45 ■ अंक : 183 ■ रविवार 12 अक्टूबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# अंबरनाथवासियों की जान खतरे में

**वायु प्रदूषण**

## मोरीवली एमआईडीसी में 30 में से 12 कंपनी से जहरीले गैस का रिसाव

■ महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों की जांच में सत्य उजागर

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ औद्योगिक क्षेत्र के मोरीवली और वडोल गांव ये दो केमिकल जोन में गैस लीकेज एवं उसके फैलने से परिसर के मोरीवली गांव, निसर्ग ग्रीन, ग्रीन सिटी, बी केबिन रोड, पाठारे पार्क, मोतीराम पार्क, बुवापाड़ा, केबी रोड, लादीनाका परिसर में जहरीली गैस के रिसाल से शहरवासियों को सांस रुकने, खांसी की शिकायत हो रही है. गहरी नींद में सोये हुए एमपीसीबी के अधिकारियों ने बुधवार रात में मोरीवली एमआईडीसी के 30 कंपनियों का दौरा कर जांच की. इसमें से 12 रासायनिक कंपनियां नियमों का उल्लंघन करते देखी गई.



अंबरनाथ पश्चिम रेलवे लाइन से लगकर मोरीवली गांव में, चिखलोली, बी केबिन रोड पर बड़ी इमारतें एवं घर हैं. मोरीवली एमआईडीसी में अनेक रासायनिक कंपनियां एमपीसीबी के नियमों का उल्लंघन करते हुए रात के समय बड़े पैमाने पर गैस छोड़ रही हैं. जिसके कारण केमिकल की बदबू फैलने से रात में रहिवासियों को खिड़कियां तक बंद कर देना पड़ रहा है. निवासियों ने भारी रोष व्यक्त किया है.

**कठोर कार्रवाई की हो रही मांग...**

प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने मोरीवली एमआईडीसी में 17 नंबर पर कैटेगिरी में आने वाली सेंटार फार्मा और ब्रिलियंट पॉलिमर इन दो रासायनिक कंपनियों के आंगन में गैस जांचने की वैन लगाया था. उस वैन की आंकड़ेवाली अब सामने आई है. इन दोनों कंपनी के आंगन में हवा में प्रदूषित घटक ज्यादा पाया गया है. दोषी पाए गए इन दोनों कंपनियों पर एमआईडीसी प्रशासन एवं एमपीसीबी ने कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, ऐसी मांग परिसर के निवासियों ने की है.

# कल्याण में 17 ड्रग माफियाओं पर मकोका



■ कल्याण पुलिस उपायुक्त परिमंडल-3 की कार्रवाई
■ कई आरोपी अभी भी फरार
■ गैंग के सरगना को पकड़ने में पुलिस सफल

**कल्याण.** कल्याण पुलिस उपायुक्त परिमंडल-3 के अंतर्गत पुलिस ने बड़े आपरेशन के तहत ड्रग्स तस्करी में लिप्त एक ही गिरोह के 17 ड्रग माफिया पर मकोका के तहत कार्रवाई की है। परिमंडल-3 के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे और सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणजी घेटे के मार्गदर्शन में कल्याण पुलिस ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

ज्ञात हो कि अगस्त महीने में कल्याण डीसीपी स्क्वाड को बड़ी कामयाबी मिली जब पुलिस ने आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम के जंगलों में छापा मारकर ड्रग्स स्मगलिंग रैकेट का पर्दाफाश किया था। इस कार्रवाई में पुलिस ने 62 किलो गांजे के साथ 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। दो महीने से पुलिस की टीम इस मामले की जांच के दौरान इस गैंग के सरगना को पकड़ने में कल्याण पुलिस सफल हुई। ड्रग्स तस्करी में शामिल गिरोह के मुख्य सरगना गुफरान शेख जो बनेली गांव टिटवाला का रहने वाला बताया जा रहा है।

गुफरान सहित इस गिरोह के 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। और उनका पिछला रेकॉर्ड देखते हुए कल्याण पुलिस ने उनपर मकोका एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुफरान के साथ बाबर शेख, सुनील राठौड़, आज़ाद शेख, रेशमा शेख, शुभम उर्फ सोन्या भंडारी, आसिफ शेख, सोनू सय्यद, प्रथमेश नलवड़े, रितेश गायकवाड़, अंबादास खामकर, आकाश भीताड़े, योगेश जोध को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह सभी महाराष्ट्र के अलग-अलग शहर के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार इस गैंग के चार अन्य सदस्य फरार है, जिन्हें पुलिस ढूंढ रही है।

# उल्हासनगर शहर में गड्ढे भरने में तेज़ी

■ परेशानी मुक्त यात्रा की उम्मीद, डामरीकरण शुरू

उल्हासनगर. पिछले कई महीनों से हो रही बारिश के कारण उल्हासनगर शहर की सड़कें कीचड़ से सनी हुई थीं। इस पर राजनीति भी गरमा गई थी। पिछले कुछ दिनों से बारिश से राहत मिलते देख उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने शहर में गड्ढे भरने का अभियान तेज़ कर दिया है। रात में गड्ढे भरे जा रहे हैं और दिवाली की पूर्व संध्या पर चल रहे गड्ढे भरने के काम पर नागरिकों ने संतुष्टि जताई है।

इस साल, पाँच महीने तक चली मानसूनी बारिश और खासकर लगातार बारिश ने सभी शहरों में डामर सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



उल्हासनगर शहर की ज़्यादातर डामर सड़कें कीचड़ से सनी हुई नज़र आईं। शहर में हर जगह गड्ढे हो गए थे। राज्य राजमार्ग, महत्वपूर्ण चौराहे, आंतरिक सड़कें सभी जगहों पर गड्ढे हो गए थे। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हर दिन शहर के किसी न किसी हिस्से में ट्रैफिक जाम लग रहा था। कल्याण बदलापुर राज्य राजमार्ग पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। उल्हासनगर शहर के प्रवेश द्वार पर खुदाई का काम चल रहा है। आगे सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। आगे, फॉरएवर लाइन चौक पर बड़ी संख्या में गड्ढे हो गए हैं। वहाँ से, सेंट्रल हॉस्पिटल रोड और आंतरिक सड़कें गड्ढों से भर गई हैं।

कल्याण बदलापुर रोड, अशोक अनिल सिनेमा और शांति नगर इलाकों में बड़ी संख्या में गड्ढे हो गए हैं। इस वजह से यहाँ भीषण जाम लग गया। शहर के फ्लाईओवरों पर भी यही स्थिति रही। इससे रिक्शा चालकों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी नुकसान हो रहा है। अक्सर एम्बुलेंस, स्कूल बसें और अन्य वाहन भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। गणेशोत्सव के दौरान, मनपा प्रशासन ने शहर में मास्टिंग का एक प्रयोग शुरू किया था। यह आंशिक रूप से सफल रहा। हालाँकि, जैसे ही बारिश फिर से शुरू हुई, जहाँ मास्टिंग नहीं हुई थी, वहाँ गड्ढे बढ़ गए। इसलिए, गणेशोत्सव के बाद, गड्ढों की स्थिति फिर से वैसी ही हो गई।

**इन इलाकों में तेजी से हो रहा काम...**

फिलहाल, उल्हासनगर-2 में नेहरू चौक से फॉल लाइन जाने वाले मार्ग पर जवाहर होटल के सामने, शहीद अरुण कुमार वैद्य सभागृह, शासकीय केंद्रीय चिकित्सालय, सेवा सदन महाविद्यालय, हरदासमल होटल क्षेत्र, नेहरू चौक पर गड्ढे भरने और डामरीकरण का काम चल रहा है और अब यह अंतिम चरण में है। इसके अलावा, कमला नेहरू नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर-1, फर्नीचर मार्केट, लिंक रोड क्षेत्र, उल्हासनगर-3 के साथ-साथ उल्हासनगर कैंप 2 क्षेत्र में टर्निंग पॉइंट से मधुबन चौक तक की सड़कों पर भी गड्ढे भरने का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है, ऐसा मनपा प्रशासन ने बताया है। इससे शहर में यातायात को राहत मिलेगी। मनपा ने आने वाले दिनों में सभी प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त और सुरक्षित बनाने का लक्ष्य रखा है।

# अंबरनाथ बनता जा रहा है कचरे का शहर

■ स्टेशन चौक पर कचरे का ढेर - वीडियो वायरल

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में शनिवार की सुबह से दोपहर 11 बजे तक जगह-जगह कचरे का ढेर दिखाई दिया. शहर पश्चिम में स्टेशन चौक पर आधी सड़क पर कचरे का ढेर सुबह से पड़ा हुआ दिखाई दिया. स्टेशन रोड पर भी कचरा ही कचरा दिखाई दिया. शनिवार को नपा के सफाई कर्मचारियों एवं ठेकेदार ने सफाई करना एवं कचरा उठाना मुनासिब नहीं समझा. कचरा उठाने वाली समीक्षा के बारे में शिकायतें प्राप्त हो रही है कि वह ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है. शहर पश्चिम के स्टेशन चौक को गत कई महिनों से कचरे का डम्पिंग स्टेशन बनाकर



रखा गया है. आसपास का सभी कचरा नपा के कर्मचारी ही यहां पर एकत्रित करते हैं और सुबह में ठेकेदार इस कचरे को उठाकर मुख्य डम्पिंग मैदान तक ले जाता है. शनिवार को ठेकेदार ने कचरा नहीं उठाने से यहां पर कचरे का ढेर दिखाई दिया. यहां के दुकानदारों ने नपा स्वच्छता विभाग एवं मुख्याधिकारी से मांग की है कि स्टेशन चौक पर सुबह में कचरा डम्प करने के बजाय डीएमसी कंपनी के समक्ष कचरा डम्प किया जाए. शनिवार को सोशल मीडिया पर चौक पर कचरे का वीडियो वायरल होने पर ठेकेदार एवं नपा को होश आया और 11.30 बजे जेसीबी से कचरे को उठाया गया. नपा स्वच्छता विभाग एवं ठेकेदार के इस ढीले कारोबार पर शहरवासी ताने कस रहे हैं कि कचरा उठाने पर करोड़ों रुपए खर्च करके भी कुछ नहीं हो रहा है. ये एक बड़ा भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है?

# अपराधियों के ठिकानों पर पुलिस का एक्शन

■ उल्हासनगर में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का रूट मार्च

**उल्हासनगर.** नवरात्रि की पृष्ठभूमि में दो समूहों के बीच हुए हालिया विवाद के बाद, उल्हासनगर पुलिस ने शहर के संवेदनशील इलाकों में एरिया डोमिनेशन और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की एक टीम ने रमाबाई अंबेडकर नगर, देशमुख नगर और ज्ञानेश्वर नगर इलाकों में भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ रूट मार्च और गश्ती अभियान चलाया। यह तलाशी अभियान उल्हासनगर परिक्षेत्र-4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन और वरिष्ठ पुलिस



निरीक्षक संतोष आव्हाड के नेतृत्व में चलाया गया।

इसमें 5 अधिकारी और 35 पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने शहर के संवेदनशील इलाकों रमाबाई अंबेडकर नगर, देशमुख नगर और ज्ञानेश्वर नगर में बड़ा रूट मार्च किया और उन संदिग्ध जगहों की तलाशी ली जहाँ अपराधी सक्रिय थे। अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखते हुए, पुलिस ने इलाके की हर गली-मोहल्ले की जाँच की। संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और स्थानीय नागरिकों से बातचीत करके उनसे कानून का पालन करने की अपील की गई।

इस अभियान के दौरान, पुलिस ने नागरिकों को आश्वस्त किया और स्पष्ट संदेश दिया कि, 'अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है, उल्हासनगर में कानून-व्यवस्था सर्वोपरि रहेगी।'

संतोष आव्हाड ने कहा, 'यह एक बार की कार्रवाई नहीं है, ऐसे तलाशी अभियान नियमित रूप से चलाए जाएँगे, ताकि अपराधियों में भय पैदा हो और नागरिक दृढ़ रहें।'

नागरिकों ने उल्हासनगर पुलिस की इस सक्रिय और अनुशासित कार्रवाई के लिए तहे दिल से सराहना की है। शांति और कानून-व्यवस्था का संदेश शहर में और प्रभावी ढंग से पहुँचने के साथ, उल्हासनगर में 'अपराधियों में भय और नागरिकों में विश्वास' की तस्वीर बनी है।

# खड़कपाड़ा में सुरक्षा गार्ड की काली करतूत



■ लिफ्ट में बच्ची से छेड़छाड़ की
■ खड़कपाड़ा पुलिस में मामला दर्ज
■ निवासियों ने की पिटाई

**कल्याण.** खड़कपाड़ा सोसाइटी में एक सुरक्षा गार्ड की काली करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई है। सुरक्षा गार्ड ने लिफ्ट में 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ की है। जब बच्ची बिल्डिंग की लिफ्ट में आ रही थी, तब उसने अश्लील इशारे किए। यह दिल दहला देने वाली घटना लिफ्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। नाबालिग बच्चियों से छेड़छाड़ की बात सामने आने के बाद सोसाइटी और इलाके में गुस्से का माहौल है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कल्याण खड़कपाड़ा इलाके की एक हाई-प्रोफाइल सोसाइटी में इस घटना से रोष है। जब बिल्डिंग के निवासियों को इस घटना के बारे में पता चला, तो गुस्साए निवासियों ने चौकीदार की पिटाई कर दी। गुस्साए लोगों ने उसे कल्याण के खड़कपाड़ा पुलिस के हवाले कर दिया है। सुरक्षा गार्ड का नाम अमोल जगताप है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कल्याण खड़कपाड़ा पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

# पंजाबी कॉलोनी में युवक पर हमला करने वाले 2 गिरफ्तार

■ दो दिन की पुलिस हिरासत
■ तीन महीने पहले की घटना
■ दो आरोपी पहले से गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 स्थित पंजाबी कॉलोनी इलाके में वाई-फाई सेवा देने वाले युवक जसप्रीत पर तीन महीने पहले धारदार हथियार से हमला किया गया था। फरार आरोपी करण राजपूत और सुमित डोलारे को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना में, जसप्रीत अपने परिचित रंजीत सिंह सिद्धू के साथ पंजाबी कॉलोनी चौक से गुजर रहा था, तभी सड़क पर खड़ी एक कार ने उसका रास्ता रोक दिया। जब जसप्रीत ने उसे कार हटाने के लिए कहा, तो कार में सवार करण राजपूत, विनोद राजपूत और सुमित डोलारे ने बहस की और अचानक उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस बीच, बीच-बचाव करने आए विनोद चौहान पर भी हमला किया गया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत क्रिटि केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पहले विनायक अनिल राजपूत और विपिन शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। हालाँकि, करण राजपूत और सुमित डोलारे दोनों फरार थे। गुप्त सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जब पता चला कि करण राजपूत अंबरनाथ इलाके में छिपा हुआ है, तो वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताड़े और पुलिस निरीक्षक तुकाराम पडीर के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक महेश काले, उपनिरीक्षक विलास मालशेटे, पुलिस अंमलदार सुभाष सूर्यवंशी, किशोर काले, प्रशांत धुले और जितेंद्र चौधरी की टीम ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को अदालत में पेश करने पर उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। मामले की आगे की जाँच सहायक पुलिस निरीक्षक विठ्ठल बड़े कर रहे हैं।

# 'जायंट अफ़्रीकन घोंघा' का ख़तरा बरकरार

■ अंबरनाथ नगर परिषद ने नागरिकों से 'न छूने' की अपील की

**अंबरनाथ.** दुनिया का सबसे हानिकारक घोंघा माना जाने वाला 'जायंट अफ़्रीकन घोंघा' अंबरनाथ के पूर्व में स्थित अटल सर्वोदय पार्क में बड़े पैमाने पर फैल गया है। इस पृष्ठभूमि में, मानव स्वास्थ्य के लिए ख़तरे को गंभीरता से लेते हुए, अंबरनाथ नगर परिषद ने नागरिकों के लिए एक तत्काल परामर्श जारी किया है।

मुख्य अधिकारी के आदेश पर स्पष्ट अपील की गई है कि कोई भी इस घोंघे को नंगे हाथों से न छुए। पार्क में इन घोंघों के प्रकोप का मामला सबसे पहले 30 सितंबर को पार्क में नियमित रूप से टहलने वाले एक नागरिक संकेत सबनीस द्वारा प्रशासन के ध्यान में लाया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि ये घोंघे मानव मस्तिष्क संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। नगर परिषद ने अपनी नवीनतम अपील में स्पष्ट किया है कि अफ़्रीकी घोंघे को नंगे हाथों से छूने से संक्रमण होने और व्यक्ति के बीमार होने की संभावना है।

इसलिए, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और पार्क के आस-पास के स्कूलों के छात्रों को इस खतरे के प्रति विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, यह



घोंघा मूल रूप से अफ्रीका का है। प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अनिकेत मराठे ने इस प्रजाति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नर्सरी के पेड़ों में इसके अंडे बढ़ते हैं। साथ ही, ये सड़ी हुई गीली घास, पेड़ों, लोहे की वस्तुओं और दीवार के पेंट को अपना भोजन बनाते हैं। ये आर्द्र वातावरण में तेज़ी से बढ़ते हैं और अगर समय रहते नियंत्रित न किया जाए, तो इनकी संख्या बढ़ जाती है और जैविक श्रृंखला पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

वर्तमान में, इन घोंघों ने पार्क में पेड़ों, लोहे की बाड़ और दीवार के पेंट को नष्ट कर दिया है। इस खतरनाक स्थिति के कारण, संकेत सबनीस ने तत्काल नियंत्रण की मांग की है।

# अंबरनाथ पूर्व में सड़क हादसा, दो पुलिसकर्मी घायल

■ कार ने पुलिस बाइक को मारी टक्कर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के दो पुलिसकर्मी अपनी सरकारी बाइक पर रात में पेट्रोलिंग कर रहे थे कि एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं. शिवाजी नगर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया. शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के हवलदार अजय रामकृष्ण कुमावत (45) के अनुसार वह और उनका साथी बीट मार्शल ड्यूटी पर उपस्थित आर. आर. वटकर सरकारी ग्लैमर बाइक (क्र. एमएच 04 एनसी 9134) पर 10 अक्टूबर की रात 2.30 बजे सीएनजी पेट्रोल पंप के पास म्हाडा सर्कल पर पेट्रोलिंग कर रहे थे. इस बीच विष्णु रामप्रकाश ठाकुर (20) अंधेरी पूर्व निवासी ने उनकी मारुति डिजायर कार (क्र. एमएच 02 जीएच 4338) को तेज रफ्तारी से चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. बाइक चला रहे अजय कुमावत का घुटना छिल गया. छाती और सर को मुका मार लगा. पीछे बैठे व्हटकर के घुटने, पैर को मार लगा है. सरकारी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है. शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के हवलदार सालुंखे मामले की जांच कर रहे हैं. पता चला है कि दोनों पुलिस कर्मियों ने हेल्मेट नहीं पहन रखा था. इसलिए एक के सर पर मार लगा है.

# अवैध पटाखा गोदाम में छापा 3.33 लाख का माल जब्त

■ निवासी क्षेत्र में बड़ा जमा स्टाक
■ बिना अनुमति के पटाखों का गोदाम

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 2 के गांधी मार्केट इलाके में मोनिका हॉल के पास पुलिस ने एक अवैध पटाखा गोदाम का पर्दाफाश कर बड़ी कार्रवाई की है। आवासीय इलाके में बिना अनुमति के पटाखों का स्टाक किए जाने की सूचना मिलने के बाद, नवी मुंबई की सामाजिक कार्यकर्ता और दलित पैंथर ग्रुप की महाराष्ट्र महिला अध्यक्ष समीरा प्रकाश देशपांडे ने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

स्थानीय नागरिकों ने शिकायत की है कि इस इलाके में ऐसे कई अवैध पटाखों का कारोबार चल रहा है और पुलिस से और कार्रवाई की मांग की है। फ़िलहाल, पुलिस ने पटाखों के स्टॉक को सील कर मामला दर्ज कर लिया है। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे ऐसे खतरनाक और अवैध स्टॉक की तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। एक दिन पूर्व भी उल्हासनगर 4 आरजीएस स्कूल के पास छापा मारकर लाखों के पटाखे जब्त किए और गोदाम भी सील किए। गोला मालिकों को गिरफ्तार भी किया गया है।

# निर्माणाधीन इमारत से गिरकर बढ़ई गंभीर रूप से घायल

**कल्याण.** ठाकुर्ली के पास 90 फुट रोड पर एक निर्माणाधीन इमारत की चौथी मंजिल से गिरकर एक 26 वर्षीय बढ़ई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस में दर्ज शिकायत के आधार पर इस मामले में डेवलपर, सुपरवाइजर और श्रमिक ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

तिलकनगर पुलिस थाने के कांस्टेबल सरफराज महबूब तड़वी की शिकायत पर डेवलपर प्रमोद खानविलकर, सुपरवाइजर रामा भाई और श्रमिक ठेकेदार दीपक पटेल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 125, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में बताया गया है कि नीरजकुमार मुन्ना गौतम (26) एक बढ़ई का काम करते हैं। नीरजकुमार को 90 फीट रोड स्थित डेवलपर खानविलकर की इमारत में बढ़ई का काम मिला था। नीरजकुमार को इस काम के लिए ठेकेदार दीपक पटेल ने लाया था। नीरजकुमार पिछले सप्ताह सुबह लगभग 11 बजे कुलस्वामी ब्रह्माण्ड की निर्माणाधीन इमारत की चौथी मंजिल पर बढ़ई का काम कर रहे थे। इस काम को करते समय, नीरज कुमार अचानक अपना संतुलन खो बैठे और इमारत के बाहर ज़मीन पर गिर पड़े। ऊपर से गिरने के कारण नीरज कुमार के हाथ, चेहरे और पैरों में गंभीर चोटें आईं।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### सुरंगें, सड़कें और कटती पहाड़ियां

हरियाणा में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की आत्महत्या और उससे जुड़े तथ्यों के संबंध में जैसी खबरें आई हैं, वे विचलित करने वाली हैं। यह अफसोसनाक है कि देश में फैली कुरीतियों और दुराग्रहों को दूर करने की उम्मीद जिस तंत्र से की जाती है, कई बार वह खुद भी इससे मुक्त नहीं दिखता है। गौरतलब है कि हरियाणा में भारतीय पुलिस सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी वाई पूरन कुमार ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से लगातार 'असहनीय उत्पीड़न' से तंग आकर आत्महत्या कर ली। उन्हें अधिकारों और अन्य मुद्दों से संबंधित मामलों में मुखर हस्तक्षेप के लिए जाना जाता था।

खबरों के मुताबिक, एक 'आखिरी नोट' में उन्होंने कुछ अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न, जाति आधारित भेदभाव, सार्वजनिक अपमान और दुर्भावनापूर्ण तरीके से छद्म शिकायतें दर्ज कराने आदि का गंभीर आरोप लगाया। भारतीय पुलिस सेवा के तहत अपने पद पर काम करते हुए किसी उच्च अधिकारी के सामने भी अगर आत्महत्या की नौबत आती है तो यह हर स्तर पर चिंता की बात होनी चाहिए। सवाल है कि सरकारी तंत्र के भीतर भी दबाव की राजनीति कैसे इस तरह काम करती है कि एक व्यक्ति के सामने जीने-मरने का सवाल आ खड़ा हो।

सही है कि हमारे समाज में आज भी समाज के हाशिये के तबकों के खिलाफ बहुस्तरीय भेदभाव और उत्पीड़न की जड़ें गहरी दिखाई देती हैं और कमजोर पृष्ठभूमि के लोग कई बार इसका सामना नहीं कर पाते। लेकिन उम्मीद की जाती है कि पद, प्रभाव या आर्थिक हैसियत में सक्षम होने के बाद किसी व्यक्ति के खिलाफ सार्वजनिक अपमान, अत्याचार या जाति-आधारित भेदभाव करना आसान नहीं होता।

अफसोस की बात है कि इस तरह के द्वेष के मनोविज्ञान और उसके काम करने का ढांचा इतना जटिल और बारीक होता है कि कई बार इसका शिकार होने वालों के सामने विकल्प सिमटते जाते हैं। हालांकि हरियाणा में पुलिस अधिकारी की आत्महत्या की घटना में जांच का कोण फिलहाल उनके 'आखिरी नोट' पर निर्भर है, लेकिन इसकी गहन और पारदर्शी तरीके से जांच इसलिए भी जरूरी है कि आरोपों की सत्यता सामने आए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो और यह सभी स्तर पर एक सबक का काम करे।

# विचार: सर क्रीक को लेकर सचेत रहना होगा

सर क्रीक क्षेत्र भारत-पाकिस्तान संबंधों में एक बार फिर तनाव का केंद्र बन गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर क्रीक में सैन्य जमावड़े को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी है। यह एक 96 किलोमीटर लंबा ज्वारीय मुहाना है, जो गुजरात में कच्छ के रण को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से अलग करता है। सर क्रीक विवाद की जड़ें 1908 से जुड़ी हैं, जब कच्छ और सिंध के शासकों के बीच क्षेत्रीय विभाजन को लेकर असहमति उत्पन्न हुई।

बांबे प्रेसीडेंसी द्वारा 1914 में एक प्रस्ताव के जरिये मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने एक अस्पष्टता पैदा कर दी। प्रस्ताव के एक खंड में सुझाव दिया गया कि सीमा क्रीक के बाहरी किनारे की ओर स्थित है, जबकि दूसरे में अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लेख किया गया, जिसके अलग निहितार्थ थे। यह मुद्दा 1965 के सशस्त्र संघर्ष के बाद फिर से उभरा, जब पाकिस्तान ने कच्छ के रण के आधे हिस्से पर दावा किया।

1968 में एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने रण के 90 प्रतिशत हिस्से पर भारत के दावे को बरकरार रखा, लेकिन सर क्रीक सीमा अनसुलझी रही। भारत का कहना है कि सीमा क्रीक के बीच से होकर गुजरती है, जबकि पाकिस्तान जोर देता है कि यह क्रीक के पूर्वी तट पर स्थित है। यह अंतर निर्धारित करता है कि समुद्री सीमा अरब सागर में कैसे फैली हुई है, जो संभावित हाइड्रोकार्बन भंडार, मछली पकड़ने के क्षेत्रों और दोनों देशों के विशेष आर्थिक क्षेत्रों में अरबों डालर के सामुद्रिक संसाधनों तक पहुंच को



प्रभावित करता है।

साल 1989 से भारत और पाकिस्तान इस विवाद को सुलझाने के लिए ठोस प्रगति के बिना छह दौर की चर्चाएं कर चुके हैं। पाकिस्तान जोर देता है कि समुद्री सीमा के लिए आधार स्थापित करने के लिए पहले क्रीक में सीमा का सीमांकन किया जाना चाहिए, जो भूमि और समुद्री सीमा मुद्दों को जोड़ता है। वहीं भारत ने परिसीमन, सीमांकन का प्रस्ताव रखा, लेकिन तकनीकी कठिनाइयों और राजनीतिक अविश्वास ने कार्यान्वयन को रोक दिया है। यह भारत के अपने अन्य पड़ोसियों के साथ समुद्री सीमाओं के सफल समाधान के बिल्कुल विपरीत है।

श्रीलंका के साथ 1974 और 1976 में द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें मालदीव के साथ त्रिबिंदु से लेकर पाक स्ट्रेट, पाक खाड़ी और मन्नार की खाड़ी में 200 समुद्री मील की सीमा तक फैली 288 किलोमीटर की समुद्री सीमा स्थापित की गई। बांग्लादेश के साथ दशकों की असफल बातचीत के बावजूद विवाद अंततः संयुक्त राष्ट्र सामुद्रिक कानूनों के तहत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के माध्यम से हल किया गया। 2014 में स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने बंगाल की खाड़ी में विवादित 25,602 वर्ग किलोमीटर में से 19,467 वर्ग किलोमीटर बांग्लादेश को प्रदान किया। भारत और बांग्लादेश ने इस बाध्यकारी निर्णय को स्वीकार किया और इसे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में उपयोग किया। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तब समुद्री सीमा विवादों का शांतिपूर्ण समाधान बातचीत या मध्यस्थता के माध्यम से संभव है।

सर क्रीक पाकिस्तान को रणनीतिक रूप से प्रभावित करता है। इसका सबसे बड़ा शहर कराची इस विवादित सीमा से केवल 60 किलोमीटर दूर स्थित है, जहां इसका प्राथमिक नौसैनिक अड्डा है। यहां भारतीय नौसैनिक उपस्थिति पाकिस्तान की व्यावसायिक जीवन रेखा और सैन्य बुनियादी ढांचे को खतरे में डालती है। भारत के लिए सर क्रीक को सुरक्षित करना गुजरात की तटरेखा की रक्षा के लिए आवश्यक है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कांडला बंदरगाह और क्षेत्र को घुसपैठ गलियारा बनने से रोकने के लिए भी यह जरूरी है।

सर क्रीक पर उठे विवाद को नए सिरे से 2019 के बाद के सैन्य गतिरोध और आपरेशन सिंदूर के व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए। भारत के नौसैनिक आधुनिकीकरण जैसे कि स्वदेशी विमानवाहक पोत, उन्नत पनडुब्बियां और बढ़ी हुई तटीय निगरानी ने समुद्री शक्ति संतुलन को मूल रूप से बदल दिया है। पाकिस्तान इसके जरिये नौसैनिक रणनीति को तेज करना चाहता है। वह उन्नत पनडुब्बियां और जहाज-रोधी मिसाइलें प्राप्त करने के लिए चीनी सैन्य सहायता का लाभ उठाना चाहता है। सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान की कोई भी दुस्साहसिक कार्रवाई उसे पीढ़ियों तक पछताने पर मजबूर कर सकती है।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**यदि हम अपने सच्चे स्वरूप को जान जायें, तो हम कहीं भी अंधकार नहीं पायेंगे।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सख्त कानूनों के बावजूद आम लोग हो रहे शिकार

तेजी से बदलते दौर में नई तकनीकों के उपयोग को वक्त की जरूरत के तौर पर देखा जा रहा है। इसी क्रम में आम जिंदगी में संवाद से लेकर पढ़ाई-लिखाई और लेन-देन जैसे तमाम मामले अगर डिजिटल तकनीक के दायरे में आ रहे हैं तो यह स्वाभाविक है। इसी के मद्देनजर 'डिजिटल इंडिया' का नारा भी दिया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इंटरनेट आधारित तकनीकों के उपयोग के प्रति आकर्षित हों। विडंबना यह है कि जिस तेजी के साथ डिजिटल यंत्रों का उपयोग बढ़ा है, उसी अनुपात में इसमें सुरक्षित गतिविधियों का ढांचा विकसित नहीं हुआ है।

इससे उपजने वाले जोखिम रोज नए और जटिल स्वरूप में सामने आ रहे हैं। अमूमन हर रोज देश के किसी हिस्से से डिजिटल धोखाधड़ी की खबरें आती हैं और उसमें किसी व्यक्ति की मेहनत की कमाई के लाखों रुपए अलग-अलग तरीके से लूट या उड़ा लिए जाते हैं। ऐसे मामले आम हैं, जिनमें सिर्फ किसी को फोन पर की जाने वाली बातचीत में उलझा कर उसे धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। सवाल है कि अगर देश में आधुनिक तकनीकों का विस्तार किया जा रहा है तो क्या इससे बचाव के इंतजामों को भी उतना ही अहम माना जा रहा है।

गौरतलब है कि बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह कहा कि



डिजिटल धोखाधड़ी हमारे लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, इसलिए इस पर अंकुश लगाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है। हालांकि डिजिटल फर्जीवाड़े के मामलों में कोई अचानक उफान नहीं आया है, बल्कि पिछले कुछ वर्षों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे यह साफ है कि आधुनिक तकनीक जितनी सुविधाजनक है, उतना ही यह जोखिम का वाहक भी बन रही है। किसी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आता है और वह व्यक्ति उसके जाल में इस कदर फंस जाता है कि अपने बैंक खाते से खुद ही लाखों रुपए भेज देता है। इसके कुछ ही पल बाद जब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में पता चलता है, तब तक देर हो चुकी होती है। पिछले कुछ समय से ऐसे मामले आम होते देखे गए हैं, जिसमें अनजान नंबर से आए फोन काल के जरिए किसी व्यक्ति को डरा-धमका कर 'डिजिटल कैद' की स्थिति में डाल दिया जाता है और फिर भयादोहन करके उसके बैंक खाते में जमा रकम को उड़ा लिया जाता है। अब ऐसी घटनाएं कोई नई नहीं रह गई हैं, लेकिन इसमें तेजी से हो रहे इजाफे ने यह सवाल पैदा किया है कि जिन डिजिटल संसाधनों का विकास सुविधाजनक और सुरक्षित लेनदेन और अन्य गतिविधियों के लिए किया गया, आज उसी से उपजे खतरे से निपटने के तौर-तरीके आम क्यों नहीं हो पा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि आर्थिक भ्रष्टाचार से लेकर अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने या उन्हें खत्म करने के दावे के साथ डिजिटल दुनिया का विस्तार किया गया, कुछ जगहों पर व्यवहार में इसे अनिवार्य बना दिया गया, मगर आज हालत यह है कि सख्त कानूनों के बावजूद फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह साइबर संजाल में रोज नए तरीके अपना कर आम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

हालांकि एक समस्या डिजिटल यंत्रों के उपयोग में लापरवाही से लेकर प्रशिक्षण की सीमा की भी है, लेकिन इससे साइबर सुरक्षा का सवाल बेमानी नहीं हो जाता। निश्चित रूप से 'डिजिटल इंडिया' एक आकर्षक नारा है, लेकिन अगर इसमें जोखिम का पैमाना इतना ही ऊंचा रहता है, तो इसकी कामयाबी संदिग्ध ही रहेगी।

# छत्तीसगढ़ में हर शादी से पहले होती 'दूल्हा' की पूजा

### जरा हट के

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य सरगुजा में पीढ़ियों से चली आ रही एक अनोखी परंपरा आज भी जीवित है. माझी समाज अपने आराध्य देव दूल्हा देवता की पूजा को अत्यंत श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाता आ रहा है. समाज में चाहे शादी हो, त्यौहार हो या कोई शुभ कार्य हर शुरुआत दूल्हा देवता की आराधना से की जाती है. यह पूजा माझी समाज की आस्था, परंपरा और सामूहिक एकता का प्रतीक है, जिसे देखने और समझने के लिए अन्य समाज के लोग भी इनके आयोजन में शामिल होते हैं. दूल्हा देवता की पूजा माझी समाज की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, जिसे धार्मिक अनुष्ठान के रूप में देखा जाता है.

बंधन नाग ने लोकल 18 को बताया कि समाज में शादी-विवाह या घर के किसी भी बड़े त्योहार के अवसर पर दूल्हा देव की पूजा की जाती है। जैसे "नया



खानी" पर्व के समय सबसे पहले दूल्हा देव का पूजन किया जाता है. विवाह के समय भी घर में उनकी विशेष आराधना होती है.

उन्होंने बताया कि शादी के दौरान एक परंपरा यह है कि लड़की के ससुराल वाले ही घर में प्रवेश कर सकते हैं, अन्य कोई व्यक्ति अंदर नहीं जाता. यह परंपरा आज भी समाज में पूरी श्रद्धा से निभाई जाती है. इसे देखने के लिए अन्य समाजों के लोग भी पहुंचते हैं और माझी समाज की पारंपरिक पूजा देखकर हैरान रह जाते हैं.

अंदु राम माझी ने बताया कि मेरे समाज में चाहे व्यक्ति शादी करे या न करे, हर घर में दूल्हा देव की पूजा होती है. इस पूजा में दाल, चावल और पारंपरिक सामग्री चढ़ाई जाती है. माना जाता है कि इन नैवेद्यों से दूल्हा देव प्रसन्न होकर परिवार को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं.

दूल्हा देव की पूजा माझी समाज की संस्कृति और आस्था का अभिन्न हिस्सा है. यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, पारिवारिक संस्कृति और पूर्वजों की परंपरा के प्रति सम्मान का प्रतीक है. समय भले बदल गया हो, लेकिन माझी समाज की श्रद्धा और भक्ति आज भी पहले जैसी अटूट बनी हुई है.

खाना-खज़ाना

# बेसन का चीला

**सामग्री :**

- प्याज- 1 (बारीक कटा हुआ)
- बेसन- 1 कप
- टमाटर- 1 (बारीक कटा हुआ)
- हरी मिर्च- 1-2 (बारीक कटी हुई)
- धनिया पत्ता- 2 टेबलस्पून (कटा हुआ)
- अदरक- ½ टीस्पून (कसा हुआ)
- हल्दी पाउडर- ¼ टीस्पून
- लाल मिर्च पाउडर- ½ टीस्पून
- नमक- स्वादानुसार
- जीरा- ½ टीस्पून
- तेल- सेंकने के लिए
- कसूरी मेथी- ½ टीस्पून
- कद्दूकस की हुई गाजर या शिमला मिर्च- 2 टेबलस्पून
- चुटकीभर बेकिंग सोडा- चीला को फूला-फूला बनाने के लिए

**विधि :**

सबसे पहले एक बाउल में बेसन डालें। फिर उसमें हल्दी, लाल मिर्च, जीरा, नमक और अदरक मिलाएं। धीरे-धीरे पानी डालते हुए एक स्मूद घोल बनाएं।





ध्यान रहे कि घोल में गांठें न रहें।

अब इसमें प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, धनिया और बाकी सब्जियां डालें। घोल को अच्छे से मिलाएं। इसकी कंसिस्टेंसी न तो बहुत पतली होनी चाहिए और न बहुत गाढ़ी।

अब एक नॉन-स्टिक या आयरन तवा गर्म करें। उस पर हल्का सा तेल लगाकर पेपर से फैला दें। इसके बाद तवे पर एक करछी घोल डालें और हल्के हाथ से गोल आकार में फैला दें। ऊपर से थोड़ा तेल चारों ओर डालें।

धीमी से मीडियम आंच पर एक साइड सुनहरा होने तक सेंकें, फिर पलटकर दूसरी साइड भी सेक लें।

तैयार चीले को प्लेट में निकालें और हरी चटनी या टमाटर के सॉस के साथ गरमागरम परोसें।

# अजवाइन से पाएं स्वस्थ दिल, मजबूत पेट और बेहतर इम्यूनिटी

### छोटे बीज, बड़े असर.....

अजवाइन को हम अक्सर रसोई का साधारण मसाला मानते हैं, लेकिन इसके छोटे-छोटे बीज सेहत के बड़े खजाने से भरे होते हैं. यह न सिर्फ खाने का जायका बढ़ाते हैं, बल्कि दिल को मजबूत बनाने, पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं.

अजवाइन को दिल के स्वास्थ्य के लिए वरदान माना जाता है. अमेरिकन नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार अजवाइन के बीजों में थाइमोल और कार्वाक्रॉल जैसे विशेष यौगिक पाए जाते हैं. ये प्रभावशाली तत्व हमारे हृदय की मांसपेशियों को मजबूत बनाने और ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) को संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं.

ब्लड प्रेशर वह शक्ति है, जिसके द्वारा खून हमारे शरीर के अंगों तक पहुंचता है. यदि यह दबाव अत्यधिक बढ़ या घट जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है. अजवाइन ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में अत्यंत सहायक है, क्योंकि यह दिल की मांसपेशियों को आराम प्रदान करती है, जिससे रक्त का प्रवाह सामान्य बना रहता है. इस गुण के कारण यह उच्च ब्लड प्रेशर या अन्य हृदय संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए एक फायदेमंद घरेलू उपाय साबित हो सकती है.

इसके साथ ही अजवाइन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित रखने में भी मदद करती है. कोलेस्ट्रॉल एक वसा जैसा पदार्थ होता है, जिसका अधिक होना दिल



की बीमारियों के जोखिम को बढ़ाता है. अजवाइन शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) की मात्रा को कम करती है और अच्छा कोलेस्ट्रॉल (HDL) बढ़ाने में सहायक होती है. कोलेस्ट्रॉल का यह संतुलन हृदय रोग के खतरे को कम करता है और अप्रत्यक्ष रूप से वजन नियंत्रण में भी योगदान देता है.

भारतीय रसोई में अजवाइन का सबसे पारंपरिक इस्तेमाल पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए होता है. यह पाचन तंत्र के लिए किसी रामबाण औषधि से कम नहीं है. अजवाइन पेट में बनने वाली गैस, कब्ज और एसिडिटी की समस्या से तुरंत राहत दिलाने के लिए जानी जाती है. इसके सक्रिय तत्व पेट में होने वाली जलन को कम करते हैं, जिससे भोजन का पाचन सही तरीके से होता है और पेट हल्का महसूस होता है.

इसमें ऐसे गुण मौजूद हैं, जो पेट की मांसपेशियों को आराम देते हैं, जिससे पेट की ऐंठन या दर्द की शिकायत दूर होती है. भारी भोजन के बाद या पाचन की समस्या होने पर अजवाइन का सेवन करने की सलाह दी जाती है. अजवाइन में मौजूद थाइमोल गैस्ट्रिक जूस के स्राव को उत्तेजित करता है, जो भोजन को बेहतर तरीके से तोड़ने में मदद करता है. इस प्रकार यह अपच और सूजन से राहत दिलाकर संपूर्ण पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है.

वर्तमान समय में हर व्यक्ति अपनी इम्यूनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) को मजबूत बनाए रखना चाहता है. इस दिशा में भी अजवाइन एक प्रभावी प्राकृतिक उपाय है. अजवाइन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं. ये शरीर को ठंड, सामान्य जुकाम और कई तरह के संक्रमणों से बचाते हैं. इसका नियमित सेवन शरीर को बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार करता है.

## आज का राशिफल

**मेष** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**वृषभ** : व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**मिथुन** : नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

**सिंह** : राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें। तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**कन्या** : व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक** : प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**धनु** : बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर** : आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ** : कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

**मीन** : नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# खराब नींद कैसे बिगाड़ती है विजन?

हमारे शरीर में कई सारे अंग हैं, जिनका अलग महत्व और फंक्शन होता है। आंखें इन्हीं जरूरी अंगों में से एक है, जिसके बिना जीना कई लोगों के लिए नामुमकिन होता है। इसलिए आंखों की सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है और इसलिए इस बारे में लोगों को जागरूक करने के मकसद से हर साल 9 अक्टूबर को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है।




हमारी आंखों की सेहत पर कई फैक्टर्स का सीधा असर पड़ता है। नींद ऐसा ही एक फैक्टर है, जो शरीर और पूरी सेहत पर गहरा असर डालता है। हम कैसी नींद लेते हैं, इसका आई हेल्थ पर गहरा असर पड़ता है और इस बारे में जानने के लिए हमने मैक्स मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर, पंचशील पार्क में मोतियाबिंद, लेसिक और ऑकुलोप्लास्टी की प्रिंसिपल डायरेक्टर और एचओडी डॉ. अनीता सेठी से बात की। आइए जानते हैं क्या कहते हैं डॉक्टर-

### आंखों के लिए क्यों जरूरी है अच्छी नींद?

डॉक्टर बताती हैं कि नींद वह समय है, जब हमारा शरीर दिनभर की थकान से उबरता है और वास्तव में सेल्स खुद को रिपेयर करती हैं। इसी प्रकार, हमारी आंखों के चारों ओर की चिकनाई वाली टियर फिल्म, दिन भर की थकान के कारण थोड़ी ड्राई और डैमेज हो जाती है। ऐसे में जब हम रात में सोते हैं, तो हम अपनी आंखें बंद कर लेते हैं और तभी टियर फिल्म खुद को रिपेयर कर पाती है। इस तरह आंखों के अच्छे से रिपेयर होने के लिए अच्छी नींद की जरूरत होती है।

### नींद और आई हेल्थ का कलेक्शन

उन्होंने आगे बताया कि अप्रत्यक्ष रूप से नींद की कमी हमारी टियर फिल्म को प्रभावित करती है और ड्राई आइज का कारण बनती है, क्योंकि लोग रात में नहीं सो पाते हैं या देर रात तक सोते हैं क्योंकि वे मोबाइल पर स्क्रॉल करते रहते हैं या टीवी देखते रहते हैं। इसलिए, यह बहुत ज्यादा स्क्रीन टाइण और खासकर स्क्रीन का इस्तेमाल किसी अंधेरे कमरे में करते हैं, तो अंधेरे कमरे में स्क्रीन की रोशनी, आंखों पर ज्यादा प्रेशर डालती है। इससे आंखें ज्यादा थक जाती हैं, उन पर ज्यादा दबाव पड़ता है और फिर आप सुबह नींद की कमी और आंखों के चिकनाई वाले पदार्थ की कमी के साथ उठते हैं।

### इसलिए जरूरी पूरी नींद

इसलिए, आंखों समेत पूरे शरीर की रिकवरी के लिए 7-8 घंटे की अच्छी नींद जरूरी है और शरीर एक खास सर्केडियन रिदम का आदि होता है, यानी आपको लगभग 10-11, शायद 12 बजे सोना चाहिए और 8 बजे उठना चाहिए, इसलिए 8 घंटे बाद उठें। मान लीजिए सुबह 3 बजे सोना और सुबह 10 बजे उठना शरीर के लिए एक जैसा नहीं है। अगर आपकी नींद का समय और पैटर्न अनियमित है, तो शरीर खुद को ठीक नहीं कर पाता, न ही खुद को रिकवर कर पाता है और न ही खुद को तरोताजा कर पाता है।

# सीलिंग फैन की सफाई



### अपनाएं ये आसान देसी तरीका

दिवाली के दिनों में सभी घरों में साफ सफाई का माहौल रहता है. घर के सदस्य भी इस काम में लगे हुए होते हैं. किताबों की अलमारी से लेकर दरवाजा तक की अच्छे से सफाई की जाती है.

आमतौर पर पंखे को सही तरह से साफ करने का सबसे आसान तरीका यह है कि उसे नीचे उतर कर लिया जाए पंखा नीचे उतरने के बाद ब्लड को आसानी से साफ किया जा सकता है. फन के ब्लड पर लगे हुए जिद्दी दाग को छुड़ाना कठिन होता है. जिस ऊंचाई पर रहते हुए छुड़ा पाना मुश्किल हो जाता है.

फैन के ब्लेड पर लगे हुए जिद्दी दाग को छुड़ाने के लिए आप डिशवॉशर और सोडे का इस्तेमाल कर सकते हैं. डिशवॉशर में सोडा मिलाकर फैन के पंखों पर कुछ देर के लिए लगाकर छोड़ दें और इसके बाद किसी स्क्रबर से या कपड़े से साफ करने पर यह जिद्दी काले दाग आसानी से गायब हो सकते हैं.

इसके अलावा अगर आप पंखा खोलकर नीचे उतरने में असमर्थ है तो आप इसे साफ करने के लिए कपड़े टांगने वाले हैंगर का उपयोग कर सकते हैं. इसके इस्तेमाल से आप फैन साफ करने का एक क्लीनर बना सकते हैं जो बेहद उपयोगी हो सकता है.

सीलिंग फैन साफ करने के लिए हैंगर को क्लीनर बनाने के लिए सबसे पहले उसके दोनों साइड किसी मोटे कपड़े को अच्छी तरह से बांधना होगा. कपड़ा बांधने के बाद हंगर की किसी लंबे रोड या लंबी लकड़ी में बांधकर सीलिंग फैन तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा. अब दोनों साइड में बंधे हुए कपड़े के बीच में बची हुई जगह में फन की पत्तियों को डालकर उसे आसानी से साफ किया जा सकेगा और इसके लिए आपको किसी सीढ़ी या बेंच आदि की जरूरत नहीं पड़ेगी, और आपका यह काम चुटकियों में हो जाएगा.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी में ट्रिपल मर्डर: मौलाना की पत्नी और दो मासूम बेटियों की पीट-पीटकर हत्या

**बागपत.** यूपी के बागपत के एक गांव में मौलाना की पत्नी और दो मासूम बेटियों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मौलाना मस्जिद के ऊपर बने मकान में परिवार के साथ रहता था। मस्जिद के ऊपर तीनों के लहूलुहान हालत में शव मिलने से हड़कंप मच गया। मुजफ्फरनगर के सुन्ना गांव के निवासी मौलाना इब्राहिम गांगनोली गांव की मस्जिद में नमाज पढ़ाने का काम करते थे। मौलाना अपनी 32 वर्षीय पत्नी इसराना, पांच वर्षीय बेटी सोफिया और तीन साल की बेटी सुमय्या के साथ मस्जिद की ऊपरी मंजिल पर बने मकान में रहते थे। शनिवार को तीनों के शव मस्जिद के ऊपर लहूलुहान हालत में मिलने से हड़कंप मच गया। तीनों के शवों को देखने से साफ लग रहा है कि तीनों की हत्या बेरहमी से पीट-पीटकर की गई थी।

### बंदियों ने जेल अधीक्षक के खाते से उड़ा दिए 30 लाख रुपये, साल भर तक सोते रहे अफसर

**आजमगढ़.** यूपी के आजमगढ़ से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां बंदियों ने जेल अधीक्षक के खाते से फर्जीवाड़ा कर 30 लाख से अधिक की रकम साफ कर दी। जिला कारागार के अधीक्षक के नाम से जेल प्रशासन का केनरा बैंक में खाता है। इस खाते में बंदियों की मजदूरी समेत अन्य खर्च शासन की तरफ से भेजा जाता है। फर्जीवाड़ा कर इस खाते से 30 लाख से अधिक रुपये निकाल लिए गए हैं। जेल प्रशासन की तरफ से सिधारी थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि 20 मई 2024 को बंदी रामजीत जेल से छूटा था। इसके कुछ दिनों बाद एक अन्य बंदी शिवशंकर भी जेल से छूटा। दोनों बैंक से चेकबुक चुरा ले गए थे। इसके बाद फर्जी दस्तखत बनाकर खाते से लाखों रुपये निकाल लिए।

### बदमाश एनकाउंटर में गिरफ्तार, पुलिस ने पैर में गोली मारकर किया लंगड़ा, साथी फरार

**बरेली.** बरेली के बाद अब लखनऊ में पुलिस ने एनकांउटर में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी फरार हो गया। शाहजहांपुर जिले के पुवायां के कार चालक अवनीश दीक्षित की हत्या कर कार लूटने वाला कुख्यात बदमाश अजय सिंह से पुलिस की शुक्रवार की रात मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस ने बदमाश को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे लंगड़ा कर दिया। इसके बाद बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पारा थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को शुक्रवार रात सूचना मिली कि योगेश पाल की लूटी गई कार को बेचने के इरादे से कुछ बदमाश आगरा एक्सप्रेसवे की ओर आने वाले हैं।

# ट्रम्प का चीन पर 100% टैरिफ

- 1 नवंबर से लागू
- रेयर खनिज निर्यात पर कंट्रोल से नाराज
- कहा- चीन दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश में



**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने 1 नवंबर से सभी अहम सॉफ्टवेयर के निर्यात पर भी कंट्रोल करने की बात कही है। दरअसल, चीन ने 9 अक्टूबर को दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल) पर निर्यात को और कड़ा कर दिया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नए टैरिफ लगाने की बात कही है।

इन नियमों के तहत, चीनी खनिजों या तकनीक का इस्तेमाल करने वाली विदेशी कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। चीन ने विदेशी सेना से जुड़ी कंपनियों को ऐसे लाइसेंस नहीं देने की भी बात कही। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'यह दुनिया के लगभग हर देश के लिए मुश्किल खड़ी करेगा।'

### चीन ने 5 रेयर अर्थ मटेरियल्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए

चीन के पास दुनिया के 17 दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल्स) हैं, जिन्हें वह दुनिया को निर्यात करता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक सामान, EVs और डिफेंस सेक्टर में होता है। चीन ने पहले से 7 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल कर रखा था, लेकिन 9 अक्टूबर को इसमें 5 और (होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, यूरोपियम और यटरबियम) जोड़ दिए गए। यानी कि चीन का 17 में से 12 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल हो गया है। इनके इस्तेमाल से पहले चीन से एक्सपोर्ट लाइसेंस लेना जरूरी होगा।

इस कदम से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा और उद्योग पर असर पड़ सकता है, क्योंकि चीन दुनिया की 70% दुर्लभ खनिज आपूर्ति और 90% प्रोसेसिंग कंट्रोल करता है।

# अफगानी मंत्री ने महिला पत्रकारों की एंट्री रोकी

- प्रियंका का PM से सवाल-
- महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया;
- केंद्र बोला- हमारा कोई रोल नहीं



**नई दिल्ली.** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली में शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने PM मोदी से पूछा- भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं।

वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था। न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा- जब अफगानिस्तानी मंत्री दिल्ली आए तो मुंबई स्थित अफगानिस्तान के काउंसिल जनरल ने ही 10 अक्टूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था। अफगान दूतावास भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। बता दें कि अफगानी विदेश मंत्री 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं।

### सिर्फ पुरुष पत्रकारों से बात की...

- अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर मुत्तकी 9 अक्टूबर से भारत दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों मंत्रियों की मीटिंग के बाद कोई जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई। अफगानी मंत्री ने अकेले अफगानिस्तान दूतावास में मीडिया से बात की।
- हालांकि, इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में केवल चुनिंदा पुरुष पत्रकार और अफगान दूतावास के अधिकारी ही शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार नहीं थी। कई महिला पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उन्हें एंट्री ही नहीं दी गई।
- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुत्तकी के साथ आए तालिबान अधिकारियों ने ही ये तय किया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन शामिल होगा। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि तालिबान ने भारत को पहले बताया था या नहीं कि वे महिला पत्रकारों को नहीं बुलाएंगे।

# पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप

- 3 लोगों ने रास्ता रोका, दरिंदगी की
- साथ में दोस्त था, वह छोड़कर भाग गया

**बर्धमान.** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की।

### छात्रा बोली- फोन वापस करने के लिए पैसे मांगे




पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया।
आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है।
पुलिस ने बताया कि कल रात पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गई है। CCTV फुटेज की जांच कर रहे हैं। सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फोरेंसिक टीम घटनास्थल का दौरा करेगी। अभी तक मामले में किसी आरोपी की पहचान या गिरफ्तारी नहीं हुई है। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों से भी पूछताछ हो रही है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे आज सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# 'अरट्टई' बोले तो गपशप




- फाउंडर ने समझाया हिंदी मतलब
- ऐप के अपडेट के बारे में भी बताया

**नई दिल्ली.** इन दिनों सोशल मीडिया पर अरट्टई ऐप की काफी चर्चा है। यह एक मैसेजिंग ऐप है और इसे वॉट्सऐप के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि अरट्टई के नाम पर लोगों में मतभेद है। लोगों ने इसका नाम बदलने का भी सुझाव दिया है। इसके बाद जोहो के फाउंडर श्रीधर वेंबु ने एक्स पर एक पोस्ट में अरट्टई का हिंदी मतलब भी बताया है। उन्होंने लिखा है कि हिंदी में इसका मतलब गपशप होगा। इसके साथ ही इसे एक और हिंदी नाम दिया गया है, 'गप्प'। श्रीधर ने अपनी पोस्ट में एक फोटो शेयर की है। इसमें उन्होंने विभिन्न भाषाओं में अरट्टई को क्या कहेंगे, इस बारे में लिखा है।

### तेजी से हो रहा पॉपुलर

इस फोटो में अरट्टई के हिंदी नाम के साथ-साथ, पंजाबी, बंगाली समेत अन्य भारतीय भाषाओं का नाम भी लिखा गया है। बता दें कि अरट्टई ऐप बेहद तेजी से पॉपुलर हो रहा है। इसका पता ऐप के डाउनलोड्स से भी चल रहा है। फिलहाल ऐप को 1 करोड़ से ज्यादा लोग डाउनलोड कर चुके हैं। श्रीधर वेंबु ने बताया कि बहुत जल्द ही अरट्टई को अपडेट किया जाना है। इन अपडेट्स के बाद अरट्टई को यूज करना और भी आसान हो जाएगा। अपनी इस पोस्ट में श्रीधर ने यूजर्स के सवालों के जवाब देने की कोशिश की है।

### लोगों में है उत्साह

हालांकि सोशल मीडिया पर बहुत सारे लोगों ने अरट्टई नाम को अच्छा बताया। वहीं, कुछ लोगों ने यह भी कहा कि इस ऐप को देश की अन्य भाषाओं में भी लाना चाहिए। लोग इसके साथ ही एआई ट्रांसलेशन की भी सुविधा मांग रहे हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर यूजर्स ने श्रीधर से जोहो को लेकर भी सवाल पूछे। इसमें लोगों ने पूछा कि जोहो को विभिन्न भाषाओं में क्या कहा जाएगा।

# कांग्रेस विधायक के ठिकाने से मिला 40 किलो सोना

- ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी का बड़ा ऐक्शन

**चित्रदुर्ग.** ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े रैकेट की चल रही जांच के मामले में छापेमारी कर कर्नाटक कांग्रेस के विधायक के दो लॉकरों से 40 किलोग्राम सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक तलाशी अभियान बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पीएमएलए 2002 के तहत किया गया।

इस बरामदगी के साथ इस मामले में कुल जब्त राशि 150 करोड़ रुपये से अधिक हो गयी है, जिसमें पहले से जब्त लगभग 21 किलोग्राम सोने की छड़ें, नकदी, आभूषण, लक्जरी वाहन और फ्रीज किए गए बैंक खाते शामिल हैं।

चित्रदुर्ग विधानसभा क्षेत्र से विधायक केसी वीरेंद्र को इस साल के अगस्त में गिरफ्तार कर लिया गया था और तब से वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी को जांच में किंग 567 और राजा 567 जैसे कई ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से संचालित 2,000 करोड़ रुपये के सट्टेबाजी नेटवर्क का पता चला है। अपने बयान में ईडी ने कहा कि वीरेंद्र ने अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर कई अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट चलाये और मासूम



लोगों को ठगा। इन प्लेटफॉर्मों से एकत्रित धनराशि को फोनपैसा समेत कई गेटवे से भेजा गया और पूरे भारत में बिचौलियों से मिले हजारों 'म्यूल' खातों के जरिये स्थानांतरित किया गया।

जांच में यह भी पता चला कि सट्टेबाजी से प्राप्त आय का इस्तेमाल विदेशों में लग्जरी यात्रा, वीजा और आतिथ्य सेवाओं के वित्तपोषण के लिए किया गया था। एजेंसी ने कहा कि मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, बल्क एसएमएस कैंपेन और प्लेटफॉर्म होस्टिंग के लिए भुगतान भी सट्टेबाजी नेटवर्क से जुड़े खातों के माध्यम से किये गये थे।

ईडी ने कहा, 'साक्ष्य बताते हैं कि अवैध ऑनलाइन गतिविधियों से प्राप्त धन को उनके स्रोत को छिपाने के लिए कई मध्यस्थ खातों के माध्यम से स्थानांतरित किया गया था।' प्रवर्तन निदेशालय वीरेंद्र और उसके सहयोगियों से जुड़े अपराध से कमाये धन के स्रोत का पता लगाने और अतिरिक्त संपत्तियों की पहचान करने का काम कर रही है।

# रिलायंस पावर के CFO गिरफ्तार

- फंड ट्रांसफर में फर्जीवाड़े का आरोप
- कंपनी पर ED-CBI की जांच चल रही



**मुंबई.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने रिलायंस पावर लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (CFO) अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया है। पाल पर अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप (ADA) से जुड़े 68.2 करोड़ के फर्जी बैंक गारंटी और इनवॉइसिंग का आरोप है।

पाल को ED ने शुक्रवार (10 अक्टूबर) देर रात पूछताछ के बाद अरेस्ट किया था। आज (11 अक्टूबर) उन्हें दिल्ली की एक स्पेशल कोर्ट में पेश कर ED ने कस्टडी की मांग की, जो दो दिनों के लिए मंजूर हो गई। पाल सोमवार, 13 अक्टूबर को दोबारा कोर्ट में पेश किए जाएंगे।

ED के मुताबिक, पाल ने रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस से ₹12,524 करोड़ के लोन बांटे, जो ज्यादातर अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों को दिए गए। पाल पर फर्जी दस्तावेजों को मंजूरी देने और पैसे गलत तरीके से ट्रांसफर करने का आरोप है।

अगस्त में ईडी ने अंबानी को इस जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए भी बुलाया था। ED की जांच के बाद अगस्त में मुंबई में 35 जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें 50 कंपनियां और करीब 25 लोग शामिल थे।

# खुशखबरी! वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के डिब्बे तैयार



- अगले सप्ताह अनावरण करेगी भारतीय-रूसी कंपनी

**नई दिल्ली.** भारतीय रेल यात्रियों के लिए एक और अच्छी खबर आने वाली है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। इंडो-रशियन जॉइंट वेंचर काइनेट रेलवे सॉल्यूशंस अगले सप्ताह अपने पहले एसी कोच के डिजाइन का अनावरण करेगी। यह डिजाइन इंटरनेशनल रेलवे इक्विपमेंट एग्जीबिशन (IREE) 2025 में प्रदर्शित किया जाएगा, जो अगले सप्ताह दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाला है।

### भारत-रूस की साझेदारी से बनेंगे 120 स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें

काइनेट रेलवे सॉल्यूशंस एक संयुक्त उद्यम है, जिसे भारतीय रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) और रूस की प्रमुख रोलिंग स्टॉक कंपनियों द्वारा स्थापित किया गया है। इस साझेदारी के तहत कंपनी को 120 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों (यानी 1,920 कोच) के निर्माण और रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई है। कंपनी जून 2026 तक पहले प्रोटोटाइप ट्रेन को तैयार करने की योजना पर काम कर रही है। भारतीय रेल ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के निर्माण का ठेका तीन कंपनियों को दिया है। इनमें बीईएमएल (BEML), काइनेट रेलवे सॉल्यूशंस (रूस की TMH और भारतीय RVNL का संयुक्त उपक्रम) और टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड और बीएचईएल (BHEL) का कंसोर्टियम शामिल है।

### लंबी दूरी की यात्रा के लिए स्लीपर वंदे भारत

वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबी और मध्यम दूरी की यात्राओं के लिए डिजाइन किया जा रहा है। अब तक वंदे भारत एक्सप्रेस केवल चेयर कार के रूप में संचालित होती है, लेकिन स्लीपर वर्जन आने से रात की यात्रा करने वाले यात्रियों को वंदे भारत जैसी हाई-स्पीड, आरामदायक और प्रीमियम सुविधा मिलेगी।

# सचिन ने अपना स्पोर्ट्स-ब्रांड 'टेन एक्स यू' लॉन्च किया



- ब्रांड को तैयार करने में 18 महीने लगे
- पैर में लगी चोट से बिजनेस का आइडिया आया था

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार (10 अक्टूबर) को अपने स्पोर्ट्स एथलेटिक ब्रांड 'टेन एक्स यू' को लॉन्च किया। मुंबई के बांद्रा में मेहबूब स्टूडियो में हुए इस लॉन्च इवेंट में सचिन की पत्नी अंजलि और बेटी सारा के साथ-साथ पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण आमरे और BCCI के मौजूदा चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर भी मौजूद थे।

इस ब्रांड का मकसद भारत को खेलों से प्यार करने वाले देश से खेलने वाला देश बनाना है। इसके अलावा 'टेन एक्स यू' ब्रांड का फोकस लोगों में खेल के जुनून को बढ़ाना और उन्हें सही प्रोडक्ट्स देना है, जो न सिर्फ एथलीट्स के लिए बल्कि आम लोगों के लिए भी हों। इस ब्रांड के तहत स्पोर्ट्स शूज, टी-शर्ट्स के अलावा कई और प्रोडक्ट्स भी बेचे जाएंगे।

### ब्रांड को तैयार करने में 18 महीने लगे

सचिन ने लॉन्च पर कहा, 'आज हमने 'टेन एक्स यू' ब्रांड लॉन्च किया, मैं इसके लिए बहुत एक्साइटेड हूं।' उन्होंने बताया कि इस ब्रांड को तैयार करने में करीब 18 महीने लगे। इसके अलावा उन्होंने अपने करियर के एक्सपीरियंस को इसमें डाला है।
सचिन ने कहा, 'मैंने अपने करियर में जो कमी महसूस की, उसे हमने इस ब्रांड में पूरा करने की कोशिश की है। क्रिकेट शूज के साथ-साथ कई ऐसे प्रोडक्ट्स बनाए हैं, जो आम लोग भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको एथलीट होने की जरूरत नहीं है। मेरा मकसद है कि हमारा देश खेलों से प्यार करने वाले देश से खेलने वाला देश बने। ये बहुत जरूरी है।'

# भारत-चीन के बीच फिर शुरू होगी सीधी उड़ान

- इंडिगो ने जारी की फ्लाइट की तारीख और टाइमिंग



**नई दिल्ली.** भारत और चीन के बीच सीधी फ्लाइट एक बार फिर से शुरू होने वाली है। इंडिगो ने दिल्ली और चीन के ग्वांगझोउ के बीच 10 नवंबर से रोजाना सीधी उड़ानों की शुरुआत की घोषणा की है। इंडिगो के एयरबस A320 विमान से यह यात्रा तय होगी। विदेश मंत्रालय की ओर से भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानों के फिर से शुरू होने की पुष्टि के बाद यह घोषणा की गई। कोरोना महामारी और डोकलाम विवाद के कारण सीधी फ्लाइट को रोक दिया गया था। चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने भी दोनों देशों के बीच उड़ानों के फिर से शुरू होने की पुष्टि की है।

इंडिगो ने कहा कि यह कोविड-19 महामारी के बाद भारत और चीन के बीच उड़ानें फिर से शुरू करने वाली पहली एयरलाइनों में से एक है। इससे पहले, इंडिगो ने 26 अक्टूबर से कोलकाता और ग्वांगझोउ के बीच फ्लाइट की घोषणा की थी। इंडिगो के ग्लोबल सेल्स हेड विनय मल्होत्रा ने कहा, 'हमें कोलकाता से हाल ही में शुरू हुए मार्ग के अलावा दिल्ली और ग्वांगझोउ के बीच रोजाना सीधी उड़ानों के साथ चीन के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने की खुशी है। दुनिया के 2 सबसे अधिक आबादी वाले देशों के बीच यह बहाली सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आर्थिक सहयोग के लिए अपार संभावनाएं लाएगी।'

### विमान के आने-जाने की टाइमिंग

- एयरलाइन के अनुसार, दिल्ली से उड़ान रात 9:45 बजे प्रस्थान करेगी और ग्वांगझोउ में सुबह 4:40 बजे पहुंचेगी। ग्वांगझोउ से वापसी उड़ान सुबह 5:50 बजे प्रस्थान करेगी और दिल्ली में सुबह 10:10 बजे पहुंचेगी।
- इस मार्ग के लिए टिकट अब इंडिगो की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, इंडिगो ने 20 दिसंबर से दिल्ली और हनोई के बीच रोजाना सीधी उड़ानों की शुरुआत की भी घोषणा की। इस मार्ग पर एयरलाइन एयरबस A320 विमान ऑपरेट करेगा, जो नई दिल्ली को दक्षिण-पूर्व एशिया के सांस्कृतिक और व्यावसायिक स्थलों में से एक से जोड़ेगा।
- इंडिगो पहले से ही कोलकाता और हनोई के साथ-साथ हो ची मिन्ह सिटी के बीच 14 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करता है।

# अलवर से पकड़ा पकिस्तानी जासूस, हनी ट्रैप में फंसाया

- ISI की महिला हैंडलर्स से करता था बात
- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी भेजी सूचनाएं

राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान की ISI के जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपी पाक हैंडलर्स के साथ सोशल मीडिया के जरिए जुड़ा हुआ था। जानकारी के अनुसार हनी ट्रैप और पैसों के लालच में सूचनाएं ISI को भेज रहा था। आरोपी जासूस मंगत सिंह (42) अलवर के गोविंदगढ़ का रहने वाला है। सूत्रों के अनुसार उसने ऑपरेशन सिंदूर में भी अलवर मिलिट्री एरिया की सूचनाएं शेयर की थी।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी भेज रहा था सूचनाएं

जांच में सामने आया कि वह पिछले दो सालों से सीक्रेट इंफॉर्मेशन बॉर्डर पार भेज रहा था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसने कई सूचनाएं सोशल मीडिया के जरिए शेयर की थी। आरोपी मंगत ने ऑपरेशन सिंदूर के पहले और बाद में महिला पाक हैंडलर ईशा (बदला हुआ नाम) से महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा कर रहा था।

# RSS जैसी संस्था केवल नागपुर में बन सकती थी

- भागवत बोले-यहां पहले से त्याग-समाज सेवा की भावना
- RSS का उद्देश्य अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी बनाना



**नागपुर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) चीफ मोहन भागवत ने कहा, 'देश में कई लोग हिंदुत्व पर गर्व करते थे और हिंदू एकता की बात करते थे, लेकिन RSS जैसी संस्था केवल नागपुर में ही बन सकती थी। यहां पहले से ही त्याग और समाज सेवा की भावना थी।'

उन्होंने कहा- RSS ने हाल ही में दशहरे पर अपने 100 साल पूरे किए। इसकी स्थापना साल 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने की थी। संगठन का उद्देश्य समाज में अनुशासन, सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था।

शुक्रवार को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा... छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज की स्थापना अपने लिए नहीं, बल्कि ईश्वर, धर्म और राष्ट्र के लिए की थी। उन्होंने लोगों को एक महान उद्देश्य के लिए जोड़ा। उनकी एकता की भावना ने समाज को ताकत दी। जब तक उनके आदर्श जीवित रहे, तब तक समाज में प्रगति और विकास होता रहा। उनके विचारों ने आगे चलकर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम तक को प्रेरित किया।

### भागवत बोले- इतिहास से सीखें

RSS चीफ ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने योजनाबद्ध तरीके से उन प्रतीकों और परंपराओं को खत्म करने की कोशिश की, जो भारतीयों को एकजुट करती थीं। इसलिए इतिहास से सीखें और उन लोगों की निस्वार्थ भावना को याद रखें, जिन्होंने समाज और देश के हित के लिए काम किया.

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

## संक्षेप...

### साकीनाका में हत्या कर चेंबूर में फेंकी लाश

**मुंबई.** साकीनाका पुलिस ने पैसे और काम के विवाद में 45 वर्षीय एक सहकर्मी की, कथित तौर पर हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने कथित तौर पर उसका अपहरण कर उसकी हत्या कर लाश को चेंबूर के छेड़ा नगर में फेक दिया था. मृतक की पहचान एहसान अली अंसारी के रूप में हुई है.पुलिस के अनुसार सभी साकीनाका में एक साथ रहते थे. अंसारी की वजह से नौकरी छूटने के बाद तीनों ने हत्या की योजना बनाई थी. चारों ठेले चलाते थे और दुकानों और गोदामों से सामान ढोने,चढ़ाने और उतारने का काम लेते थे.

# DRI ने जब्त किया साढ़े 10 किलो सोना



### ■ 13 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई.** राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) की मुंबई जोनल यूनिट ने एक विशेष खुफिया सूचना के आधार पर 'ऑपरेशन गोल्डन स्वीप' नामक अभियान चलाकर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMI), मुंबई पर एक बड़े सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है.

इस कार्रवाई में विदेशी नागरिकों, एयरपोर्ट स्टाफ और अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया. DRI ने कुल 10.488 किलोग्राम विदेशी मूल का 24 कैरेट सोना बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 12.58 करोड़ रुपये बताई जा रही है.

#### मुंबई और दुबई में बैठे मास्टरमाइंड्स रचते थे खेल

मुंबई पहुंचने पर ये यात्री अंतरराष्ट्रीय डिपार्चर एरिया में तैनात एयरपोर्ट कर्मचारियों को गुपचुप तरीके से सोना सौंप देते थे. एयरपोर्ट स्टाफ तस्करी का यह सोना चोरी-छिपे एयरपोर्ट से बाहर निकालकर हैंडलर और रिसीवर तक पहुंचाते थे, जो अंततः मास्टरमाइंड से जुड़े होते थे. मुंबई और दुबई में बैठे मास्टरमाइंड्स इस पूरे नेटवर्क को नियंत्रित करते थे, जिसमें कई परतों वाला एक संगठित गिरोह शामिल था, ट्रांजिट यात्री, एयरपोर्ट स्टाफ, हैंडलर और रिसीवर तक. राजस्व खुफिया निदेशालय अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

### ■ एयरपोर्ट से ऐसे होता था सोना तस्करी

DRI ने कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो बांग्लादेशी, छह श्रीलंकाई नागरिक, दो एयरपोर्ट के 'मीट एंड ग्रीट' सेवा कर्मचारी, दो हैंडलर और गिरोह का मास्टरमाइंड शामिल है. जांच में खुलासा हुआ कि यह अंतरराष्ट्रीय गिरोह एक अत्यंत चालाक और संगठित तरीके से काम करता था. दुबई से सिंगापुर, बैंकॉक और ढाका की ओर जाने वाले ट्रांजिट यात्रियों को 'कैरीयर' बनाया जाता था, जो अपने शरीर के भीतर मोम जैसी परत में छिपाए गए अंडाकार कैप्सूल में सोना लेकर आते थे.

# SST कॉलेज की कबड्डी में हैट्रिक विजयी गाथा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा आयोजित जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 में एस.एस.टी. कॉलेज की 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालक टीम ने लगातार तीसरे वर्ष विजेता बनकर अपनी दमदार परंपरा को कायम रखा। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से कॉलेज ने कबड्डी क्षेत्र में 'हैट्रिक चैंपियन' का गौरव हासिल किया है।

यह प्रतियोगिता उल्हासनगर कैंप 5 स्थित बी.जी. तिलक हाई स्कूल के मैदान में बड़े उत्साह से आयोजित की गई थी। जिले के विभिन्न नामी स्कूलों और कॉलेजों की टीमें इसमें शामिल हुई थीं। शुरूआत से ही एस.एस.टी. कॉलेज के खिलाड़ियों ने बेहतरीन रणनीति, टीम भावना और जोश से खेलते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को परास्त किया।

फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने सटीक रणनीति, तेज रेड्स और मजबूत बचाव के दम पर रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की।

इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे कॉलेज के खेल निदेशक प्रो. राहुल अकुल और प्रो. पुष्कर पवार का मार्गदर्शन और खिलाड़ियों का अनुशासित अभ्यास महत्वपूर्ण रहा। कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विजेता टीम को हार्दिक बधाई दी।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथियों के हाथों खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और पदक प्रदान किए गए। एस.एस.टी. कॉलेज की टीम की यह लगातार तीसरी जीत न केवल गौरव का क्षण है, बल्कि कॉलेज की खेल परंपरा का एक गर्वपूर्ण अध्याय बन गई है।

#### मनपा की आर्थिक मजबूती के लिए प्रशासक अनमोल सागर का महत्वपूर्ण फैसला

# वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करेगी 'क्रिसिल रेटिंग'

### मनपा पर जारी होगा श्वेत पत्र






**भिवंडी.** भिवंडी-निजामपुर महानगर पालिका की वित्तीय पारदर्शिता और अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अब भिवंडी महानगर पालिका प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर की पहल पर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है.भिवंडी मनपा के मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी रामप्रसाद सालुंके ने बताया कि यह मूल्यांकन कार्य सेबी से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्था 'क्रिसिल रेटिंग' द्वारा किया जाएगा.संस्था मनपा की वित्तीय स्थिति का विस्तृत अध्ययन और विश्लेषण कर उसकी क्रेडिट योग्यता तय करेगी.

गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग के माध्यम से मनपा की वित्तीय क्षमता पर एक श्वेत पत्र तैयार होगा, जिससे उसकी आर्थिक मजबूती और भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका मुख्यालय निवेश क्षमता का आकलन हो सकेगा.लेखा अधिकारी सालुंके ने कहा कि,पारदर्शी रूप से होने वाली प्रक्रिया का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि भिवंडी मनपा केंद्र और राज्य सरकार के अर्बन डेवलपमेंट फंड के तहत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए निधि प्राप्त करने में सक्षम होगी. साथ ही, यदि आवश्यकता पड़ी तो मनपा को बॉन्ड जारी कर पूंजी जुटाने में भी सुविधा होगी. रेटिंग से वर्तमान योजनाओं के परिणामों और मनपा के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों की दक्षता का भी आकलन संभव होगा.उन्होंने कहा कि, क्रिसिल रेटिंग संस्था ने इससे पहले देश के कई सरकारी उपक्रमों, नगर पालिकाओं और सार्वजनिक संस्थानों की सफलतापूर्वक रेटिंग की है. भिवंडी मनपा के लिए यह कदम वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा.मनपा आयुक्त अनमोल सागर के इस कदम से मनपा को मजबूती मिलने के आसार हो गए हैं, जिससे आगामी समय में भिवंडी शहर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेगा.

### DK राव 13 अक्टूबर तक रिमांड में

**मुंबई.** क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर रवि मल्लेश बोरा उर्फ डीके राव (59) को एक बिल्डर के इशारे पर निवेशकों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया था. कोर्ट ने उसे 13 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड में भेज दिया है. बिल्डर ने निवेशकों से पैसे लिए लेकिन फ्लैटों का निर्माण पूरा नहीं किया. जब निवेशकों ने पैसे वापस मांगे, तो बिल्डर ने डीके राव के जरिए उन्हें धमकाया. हालांकि यह घटना पिछले साल की है, लेकिन शिकायत अब मिलने पर एफआईआर दर्ज की गई.

इस साल जनवरी में भी राव को अंधेरी के एक होटल व्यवसायी को सस्ते दामों पर, फ्लैट बेचने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. अप्रैल में सत्र अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी. इसके अलावा, अक्टूबर 2022 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उन्हें एक संगठित अपराध मामले में जमानत दी थी. जिसमें उन्होंने जेल से जबरन वसूली की थी.

# मानसिक स्वास्थ्य देखभाल जीवन की एक ज़िम्मेदारी- डॉ. कैलाश पवार

#### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ठाणे सिविल अस्पताल में विशेष कार्यक्रम



**ठाणे.** मानसिक स्वास्थ्य केवल एक चिकित्सा शब्द नहीं है, बल्कि हर किसी के जीवन का एक अभिन्न अंग है। आज के व्यस्त और तनावपूर्ण समय में, मन की देखभाल हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है ज़िला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने कहा।डॉ पवार 10 अक्टूबर को 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर ठाणे सिविल अस्पताल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर डॉ. पवार ने कहा अगर कोई शारीरिक बीमारी से पीड़ित होता है, तो समाज तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़ता है; लेकिन मानसिक कष्ट को लेकर समाज में अभी भी चुप्पी झिझक और कलंक है। यही सबसे बड़ी समस्या है।आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता केवल अस्पतालों तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए।प्रत्येक स्कूल, कार्यस्थल और ग्राम स्तर पर मानसिक विकास एवं परामर्श केंद्र होने चाहिए। मानसिक तनाव, अवसाद या आत्महत्या की प्रवृत्ति पर समय पर ध्यान देने से कई लोगों की जान बच सकती है।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े, निवासी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मृणाली राहुड़, मनोचिकित्सक डॉ. विजय तेली, डॉ. अर्चना पवार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस वर्ष के विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का विषय आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धताऱ है।इसी के अनुरूप, ठाणे जिला स्वास्थ्य विभाग ने एक महीने का जागरूकता अभियान शुरू किया है।इस दौरान, जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों, पुलिस थानों, अग्निशमन दस्तों और एनडीआरएफ टीमों में मानसिक स्वास्थ्य सत्र, कार्यशालाएँ, तनाव प्रबंधन कक्षाएं, निबंध प्रतियोगिताएँ और जागरूकता रैलियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम के दौरान, अस्पताल के मनोचिकित्सकों ने मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, मार्गदर्शन और परामर्श सत्र भी आयोजित किए।

# कार्यालयीन कार्यों में सरल और धाराप्रवाह मराठी के प्रयोग के प्रति सजग रहना चाहिए -डॉ. धनश्री लेले

- कार्यालयीन कार्यों में सरल मराठी विषय पर कार्यशाला आयोजित
- ठाणे मनपा में शास्त्रीय मराठी भाषा सप्ताह का समापन



**ठाणे.** मराठी भाषा को शास्त्रीय दर्जा मिलने की वर्षगांठ के अवसर पर मनपा आयुक्त सौरभ राव का भाषण प्रस्तुत किया।मनपा के मार्गदर्शन में मनपा मुख्यालय और स्कूलों में कुलीन मराठी भाषा सप्ताह मनाया गया। 3 अक्टूबर से शुरू हुए इस सप्ताह का समापन मनपा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 'कार्यालयीन उपयोग में सरल मराठी' विषय पर एक कार्यशाला के साथ हुआ। भाषा विद्वान और व्याख्याता डॉ. धनश्री लेले ने कार्यशाला का मार्गदर्शन किया।मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागार में कार्यशाला का समापन हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त उमेश बिरारी ने डॉ. लेले का अभिनंदन किया। हर भाषा का एक अलग उच्चारण होता है। अनुवाद भी एक कला है। किसी भाषा को लिखना और बोलना आसान लगता है, लेकिन उसे आसानी से लिखना और बोलना मुश्किल होता है। भले ही कोई भाषा दो अक्षरों का शब्द हो हर भाषा का दायरा बड़ा होता है। लिखित भाषा में सही जगह पर विराम चिह्नों का प्रयोग आवश्यक है। विराम चिह्नों के माध्यम से उन शब्दों का अर्थ समझा जाता है। डॉ. लेले ने कहा कि विराम चिह्नों का उपयोग दूसरे व्यक्ति को हमारी लिखी बात समझने में मदद करने के लिए किया जाता है और यही भाषा की शक्ति है।

सरकारी माध्यम से आने वाले पत्रों या निर्देशों में आम आदमी अक्सर भाषा का अर्थ नहीं समझ पाता। इससे काम में देरी होने की संभावना रहती है। इसलिए, कार्यालय में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा प्रवाहपूर्ण होनी चाहिए। वाक्य में अनावश्यक शब्द नहीं होने चाहिए। कम से कम शब्दों में सही लिखने का प्रयास करना चाहिए। डॉ. लेले ने यह भी बताया कि नियमित काम में अगर कोई कठिन शब्द हों, तो उन्हें सरल तरीके से लिखें। उन्होंने यह भी बताया कि सभी को भाषा की जानकारी होनी चाहिए, ध्यान रखना चाहिए, सभी के मन में प्रश्न होने चाहिए, तभी भाषा को समृद्ध बनाने में मदद मिलेगी।

डॉ. धनश्री लेले ने एक उदाहरण के साथ समझाया कि सही शब्दों का, सही जगह पर, सही विराम चिह्नों का प्रयोग करके सरल और प्रवाहपूर्ण वाक्यों की रचना की जा सकती है।इस अवसर पर उपायुक्त उमेश बिरारी ने सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र पाटनकर ने किया। अभिजात मराठी भाषा सप्ताह का समारोह सामुदायिक पसायदान गायन के साथ संपन्न हुआ।

# भव्य रक्तदान व स्वास्थ्य चेकअप शिविर का आयोजन



**ठाणे.** शिवशांती प्रतिष्ठान एवं वी ग्लोबल हेल्थ केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रक्तदान व हेल्थ चेकअप शिविर का सफल आयोजन किया गया।यह शिविर एडवोकेट विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में धनंजय शिव बहाल सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित हुआ।इसमें डॉ. सुमित सिंह, डॉ. पिंकी पाटिल, संतोष,धनंजय सिंह, सुमित सिंह व हॉस्पिटल टीम की मुख्य भूमिका रही।

बड़ी संख्या में नागरिकों ने रक्तदान किया व स्वास्थ्य जांच करवाई।कार्यक्रम में नगरसेवक अमित सरैया, कुलदीप तिवारी, पंडित राममिलन शुक्ला, दीपक पाठक, लक्ष्मी मौर्या, समेत कई मान्यवरों व शिव परिवार के शिवदूतों की विशेष उपस्थिति रही। शिवशांती प्रतिष्ठान ने बताया कि ऐसे सामाजिक व स्वास्थ्य कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

संस्था वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान पर कार्य करती आ रही है, और अब वह स्वास्थ्य क्षेत्र में भी एक बड़ी भूमिका निभाने जा रही है, ताकि समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य और स्वच्छता का संदेश पहुंचाया जा सके।

### डॉक्टर के खिलाफ 28 वर्षीय महिला मरीज़ के साथ छेड़छाड़, मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के ऐरोली सेक्टर 6 स्थित एक निजी अस्पताल में 28 वर्षीय एक महिला मरीज़ के साथ एक डॉक्टर ने कथित तौर पर छेड़छाड़ की। आरोपी, जो कथित तौर पर पीड़िता के मामा का बेटा है, के खिलाफ रबाले पुलिस ने छेड़छाड़, मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 2 अक्टूबर को हुई जब पीड़िता, जिसे एंग्जायटी अटैक के बाद इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, को सुबह लगभग 3.30 बजे डॉक्टर के केबिन में बुलाया गया।

डॉक्टर ने कथित तौर पर अपनी निजी समस्याओं के बारे में बात की और फिर शारीरिक संबंध बनाने की माँग की।


### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती भावना पहलाज मनवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री पहलाज हिरानंद मनवानी का देहांत 29 जुलाई 2025 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 2660 है और परमिट नं. 6709/उल्हासनगर जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 2660 मेरे श्रीमती भावना पहलाज मनवानी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती भावना पहलाज मनवानी**


# 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन को मिला सम्मान

- गौतम अडानी ने सम्मानित किया
- सुभाष घई बोले- एक्टर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम

मुंबई के व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल में शुक्रवार को आयोजित Celebrate Cinema 2025 के समापन समारोह में इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक मंच पर नजर आए। इस मौके पर अडानी ग्रुप चेयरमैन गौतम अडानी ने अभिनेता कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन के लिए सम्मानित किया। मंच पर डॉ. प्रीति अडानी, सुभाष घई, राजकुमार हिरानी, जैकी श्रॉफ और महावीर जैन भी मौजूद रहे। इस मौके पर सुभाष घई ने बताया कि कार्तिक का फिल्म चंदू चैंपियन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है।

Celebrate Cinema 2025 के समापन समारोह के दौरान अडानी ने "सॉफ्ट पावर ऑफ सिनेमा" पर बात करते हुए कहा कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की पहचान और भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा – अब वक्त है कि भारत की कहानी भारतीय नजरिए से दुनिया तक पहुंचे। AI तकनीक पर बात करते हुए अडानी ने कहा कि AI से डरने के बजाय उसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यही फिल्ममेकिंग का भविष्य है। गौतम अडानी से सम्मानित होने के बाद कार्तिक आर्यन ने कहा, "सर, आपकी स्पीच मेरी जिंदगी की सबसे प्रेरणादायक स्पीच में से एक थी। मैं AI से डरता था, लेकिन आपने मेरी सोच बदल दी।''



# कुलगुरू डॉ.रविंद्र कुलकर्णी के हाथों SST कॉलेज का सम्मान







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-4 स्थित एस.एस.टी. आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज को मुंबई विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव के अंतिम चरण में विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. रविंद्र कुलकर्णी के करकमलों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कॉलेज की "संजीवनी सांस्कृतिक समिति" को मुंबई विश्वविद्यालय के 58वें युवा महोत्सव के ठाणे विभागीय कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए प्रदान किया गया।

यह कार्यशाला एस.एस.टी. कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई थी। ठाणे जिले के विभिन्न कॉलेजों के सांस्कृतिक समिति प्रमुख, समन्वयक और विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग लेकर युवा महोत्सव की संरचना, नियमावली और सहभागिता की प्रक्रिया को समझा।

इस सम्मान के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरू इन के साथ विद्यार्थी विकास विभाग के संचालक डॉ. सुनील पाटील, सांस्कृतिक समन्वयक अतुल सावे इनकी उपस्थिती में कॉलेज की ओर से संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, संजीवनी सांस्कृतिक समिति के समन्वयक डॉ. तुषार वाकसे, सदस्य डॉ. हर्षदा देरेकर, प्रो. मायरा लाछानी, प्रो. अर्चना नायर और स्व य ंस ेव क उपस्थित थे।

इस अवसर पर कुलगुरू डॉ. कुलकर्णी ने कॉलेज की सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित विविध सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की और विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहन दिया।


### आम सूचना

मैं श्री हरेश भीष्म आहुजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 722-बी, टोटल एरिया 9824 चौ.फीट में से 380 चौ.फुट., आरसीसी पोर्शन, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 23बीआय016836900(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री भीष्म पंजूमल आहुजा ने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 10.10.2025 सी.नं. 472/96 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश भीष्म आहुजा**


# वाटर शुद्धिकरण मशीन शुरू



**भिवंडी.** जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भिवंडी में जनहित कार्यों को प्रमुखता से अंजाम दिया जा रहा है. जन कल्याण ट्रस्ट मुख्य ट्रस्टी मंगेश यादव और विनोद येनागंदला के माध्यम से, एस आर ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ के चेयरमैन रमाकांत पांडा द्वारा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षल पाटिल के प्रयत्न से कोंबड पाड़ा स्थित मनपा स्कूल नंबर 28 में छात्र छात्राओं को शुद्ध पेय जल सुविधा की खातिर वाटर शुद्धिकरण संयंत्र और वाटर कूलिंग मशीन देकर उद्घाटन किया गया.शुद्ध पेय जल की मशीन पाकर बच्चों के चेहरे खिले दिखाई पड़े. शिक्षकों एवं बच्चों ने जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष एवं भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा अध्यक्ष तेजतर्रार नेता मंगेश यादव सहित तमाम गणमान्य लोगों का आभार प्रकट किया. उक्त कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि क्षेत्रीय भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी, भाजपा शहर महासचिव राजू गाजेंगी, भावेश पाटिल सहित जन कल्याण ट्रस्ट सदस्य मनीष यादव, समीर शैख़, सुभाष पासवान, मुकेश चौबे, अजय यादव, मुकेश झा, मंजुलता दुबे, पूनम कनोजिया आदि उपस्थित थे.


दिनांकः 11.10.2025

### जाहिरात

भाषिक अल्पसंख्यांक संस्था हिंदी शिक्षण विकास समिती द्वारा संचालित अनुदानित शाळा कलवा हिंदी विद्यामंदिर में सेवानिवृत्ती के कारण रिक्त निम्नलिखित पदों हेतु शिक्षकों की आवश्यकता है।

| अ.क्र. | विद्यालय का नाम | रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पद का विवरण | शैक्षणिक व व्यावसायिक पात्रता | वेतनश्रेणी मानधन | आरक्षण प्रवर्ग | उम्र सीमा | पद रिक्त होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कलवा हिंदी विद्यामंदिर | 1 | शिक्षण सेवक पूर्णवेळ (प्र.पदवीधर) | बी.ए.बीएड /बी.एससी बी.एड. (TET/CTET उत्तीर्ण) | शासन निर्णय के नुसार | लागू नही अल्पसंख्यांक संस्था | शासन निर्णय के नुसार | सेवा निवृत्ती |
| 2 | कलवा हिंदी विद्यामंदिर | 1 | शिक्षण सेवक पूर्णवेळ वर्ग१ली से ५वीं | बी.ए. डीएड (TET/CTET उत्तीर्ण) | शासन निर्णय के नुसार | लागू नही अल्पसंख्यांक संस्था | शासन निर्णय के नुसार | सेवा निवृत्ती |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कलवा हिंदी विद्यामंदिर कार्यालय वाघोबानगर पारसिक टनेल कलवा पूर्व में दिनांक 17 अक्टूबर 2025 शाम 4.00 बजे तक जमा कर सकते हैं. सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 24/10/2025 दिन शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे से होगा.

सही/-
**अध्यक्ष**
हिंदी शिक्षण विकास समिति कलवा ठाणे
कलवा हिन्दी विद्यामंदिर वाघोबानगर कलवा (पूर्व) जि. ठाणे 400605 महाराष्ट्र


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099